2022

HINDI — GENERAL

Paper : DSE-B-2(2)

(Premchand)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) 'सेवासदन' उपन्यास के एक स्त्री पात्र तथा एक पुरुष पात्र के नाम लिखिए।

(ख) 'कर्बला' नाटक के दो प्रमुख पात्रों के नाम लिखिए।

(ग) प्रेमचंद की लगभग ३०० कहानियाँ किस शीर्षक से प्रकाशित है और उसके कितने भाग हैं?

(घ) प्रेमचंद के किस कहानी-संग्रह को ब्रिटिश सरकार ने ज़ब्त कर लिया था और उस संग्रह में संकलित कहानियों की भाषा क्या है?

(ङ) 'पंच परमेश्वर' कहानी के दो पात्रों के नाम लिखिए।

(च) महंत रामदास का सारा कारोबार किनके नाम से होता था? उन्होंने अपने किस आसामी को मरवा डाला था?

(छ) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी के किसी एक पात्र का नाम लिखिए तथा इस कहानी पर किस प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक ने फिल्म बनाई?

(ज) प्रेमचंद की अंतिम कहानी कौन-सी है? तथा उसका प्रकाशन-वर्ष क्या है?

(झ) प्रेमचंद के किन्हीं दो नाटकों के नाम लिखिए।

(ञ) 'पूस की रात' कहानी के दो चरित्रों के नाम लिखिए।

2. किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) 'सेवासदन' उपन्यास के आधार पर सुमन का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ख) 'कर्बला' नाटक के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'पूस की रात' कहानी में वर्णित किसानों की समस्या पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी का कथासार अपने शब्दों में लिखिए।

(ङ) 'दो बैलों की कथा' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

3. किन्हीं ***तीन*** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 5×3

(क) 'पंच परमेश्वर' कहानी का मूल-भाव

(ख) 'कर्बला' शीर्षक की उपयुक्तता

(ग) 'ईदगाह' कहानी का मूल भाव

(घ) 'पूस की रात' कहानी के प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण

(ङ) 'साहित्य का उद्देश्य' निबंध का प्रतिपाद्य।